Shikshaparivar.com

दिनॉक 24 जून 2015

नमस्कार मित्रों

आरटीई मे हमारे से बहुत से साथियों को प्रथम किस्त नही मिली है , एवं कुछ के अधिकारी बजट नही होने की बात कर रहे है । हम आपकी समस्याओं को लेकर जब आरटीई प्रभारी अधिकारी से जयपुर मुख्यालय पर मिले तो उन्हौने कहा आप प्रत्येक स्कूल की व्यक्तिगत प्राब्लम लाओं तो हम सम्बन्धित अधिकारी से बात कर समस्या का समाधान करावे ।

————————————————

मुझे कुछ साथियो ने सवाल किया कि

1. क्या हम फीस बढा सकते है ? कितनी बढा सकते है ?
2. टीसी व सीसी का शुल्क कितना ले सकते है ?
3. आरटीई मे बुक्स नही देने के कारण द्वितीय किस्त नही मिल रही है ? क्या करे ?
4. जालोर के डीई ओ कार्यालय द्वारा मान्यता की पत्रावलियों का निस्तारण नही किया जा रहा है ।

————————————————

1.मित्रों यह सच है कि राजस्थान मे फीस एक्ट 1.8.2013 से लागू हो गया है लेकिन राजस्थान उच्च न्यायालय की खण्डपीठ द्वारा फीस कमेटी के द्वारा जारी 6(4) के आदेशो के क्रियान्वयन पर रोक लगाने से, वे आदेश निष्प्रभावी है ।

जिसका सीधा सा अर्थ है कि आप फीस बढा सकते है चाहे आपको फीस निर्धारण कमेटी से फीस तय होने का आदेश मिला हो या नही ?

फीस एक्ट लागू होने से पूर्व जितनी फीस आप बढाते रहते थे, उतनी ही फीस बढाये तो ज्यादा उपयुक्त रहेगा । वैसे कोई कानून नही है रोक का ।

————————————————————————————

CONFIDENTIAL

2.टीसी व सीसी शुल्क के सम्बन्ध मे फीस निर्धारण कमेटी ने 50 –50 रू0 तय किये है । लेकिन आप अपनी सुविधानुसार 200 रू0 तक चार्ज कर सकते है । क्योकि 50 रू0 की तो स्टेशनरी ही लग जाती है ।

———————————————————————————

3.आरटीई मे यदि आपने बुक्श नही दी है तथा वे हमारे द्वारा दिये गये पत्र के बावजूद क्लेम बिल नही बना रहे है और कहते है कि आप अभिभावको से लिखवाकर लाकर दो , कि बुक्स प्राप्त कर ली है तो आप गलत जानकारी नही देवे । कुछ समय लग सकता है, क्योकि मंत्री जी स्थानान्तरणों मे बिजी है । लेकिन हम इस समस्या का कोई स्थाई समाधान निकलवाने की कोशिश करेगे । यदि आ झुक गये तो हमेशा के लिऐ विवाद बना रहेगा । पैसा आज नही तो कल मिल जायेगा । आप डटे रहे ।

————————————————

4.जालोर से सुखराम जी व ललित जी ने फोन कर बताया कि वहॉ के अधिकारी मान्यता नियमो मे नया ही अंडगा लगा रहे है । मेरी शिक्षा सचिव श्री केएल मीणा जी बात हुई है , वे एक दो दिन मे फ्री हो कर इस मसले को दिखवायेगे । मंत्री जी भी फ्री नही है । हम जालोर वाले मित्रों की समस्या का समाधान जरूर करवा देगे ।

————————————

हेमलता शर्मा /अनिल शर्मा / श्रवण बोहरा एवं टीम

CONFIDENTIAL